आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-152- ● कटनी ● रविवार, 4 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष -10 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


VIRAL VIDEO




इन दिनों एक ऐसे बंदर को वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जो चाय की दुकान के पास बैठकर बर्तन धोता नजर आ रहा है।

## अधाधुंध फायरिंग, 4 की मौत



**बटाला** पंजाब के गांव बलड़वाल में रविवार सुबह दो पक्षों के बीच हुई खूनी भिंडत में एक ही पारिवार के चार लोगों की गोली लगने से मौत हो गई जबकि दो गंभीर घायल हो गए। घायलों को पहले बटाला के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें अमृतसर रेफर कर दिया गया है। उक्त सभी एक ही परिवार से संबंधित हैं। फिलहाल इस खूनी भिंडत की वजह जमीन विवाद को लेकर निजी रंजिश बताई जा रही है।



# विमान हादसा

## फिलीपींस सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, 93 लोग थे सवार

**मनीला।** फिलीपींस एयरफोर्स का एक सी-130 विमान एक बड़े हादसे का शिकार हो गया। फिलीपींस सशस्त्र बलों के प्रमुख सिरिलेटो सोबेजाना ने कहा कि रविवार को दक्षिणी फिलीपींस में एक सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में कम से कम 85 लोग मौजूद थे। इस विमान का नाम सी-130 है, अबतक इस विमान के जलते हुए मलबे से 40 लोगों को बचा लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, फिलीपींस की वायुसेना (पीएएफ) का एक सी-130 विमान, जिसमें 93 लोग सवार थे, रविवार की सुबह पाटीकुल सुलू के पास हादसे का शिकार हो गया। ऐसी खबर है कि जब सुलू प्रांत में विमान जिलों द्वीप पर उतरने की कोशिश कर रहा था तो उसी समय विमान में आग लग गई और जमीन पर गिरने के बाद विमान आग के गोले में बदल गया। विमान गिरते ही वहां पहुंचे अधिकारियों ने आग पर काबू पाने का काम शुरू कर दिया। अभी तक विमान में से 45 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। हालांकि अभी तक ये जानकारी नहीं मिली है कि विमान में ये आगे कैसे लगी और ये हादसा कैसे हुआ। फिलहाल विमान के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालने का काम जारी है।



## क्विक अपडेट



### कल्याण सिंह की तबीयत बिगड़ी, हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे योगी

**लखनऊ।** उतर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को शनिवार देर रात डॉ. राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराना पड़ा। उनके शरीर मे सूजन शिकायत है। संस्थान में मेडिसिन विभाग के डॉक्टर की देखरेख में उनका इलाज किया जा रहा है। संस्थान के प्रवक्ता डॉक्टर श्रीकेश सिंह के अनुसार उनकी तबीयत स्थिर है। पिछले सप्ताह भी उनको लोहिया संस्थान में भर्ती कराया गया था। संस्थान में हुई जांच में यूरिया व क्रिएटिनिन बढ़ा है।

### पुष्कर आज लेंगे शपथ, बनेंगे सबसे युवा मुख्यमंत्री



**देहरादून।** पुष्कर सिंह धामी आज मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे शपथ लेने के बाद वे राज्य के सबसे युवा सीएम भी बन जाएंगे। खटीमा से भाजपा के युवा विधायक पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड के 11वें मुख्यमंत्री होंगे। धामी आज शपथ ग्रहण करेंगे। चुनावी साल में भाजपा ने युवा चेहरे पर दांव खेला है। 45 वर्षीय धामी छात्र जीवन से राजनीति में सक्रिय हैं। धामी के नाम की घोषणा करके भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर चौंकाया।

### कहीं भारी बारिश तो कहीं तेज हवाएं

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत के मैदानी एवं पर्वतीय इलाकों के लोगों को अब लू से राहत मिली है क्योंकि यहां पर लू का असर कम देखने को मिल रहा है। आने वाले 5 दिनों तक चलने वाली लू में विराम देखने को मिलेगा। वहीं बिहार की अगर बात करें तो यहां का मौसम काफी रंगीन नजर आ रहा है बारिश के चलते मौसम ठंडा और खुशनुमा बना हुआ है। पूर्वी यूपी में भी थोड़े-थोड़े समय में बादल बरस रहे हैं, जिससे लोगों को भी राहत मिल रही है। दिल्ली के वासी काफी समय से दिल्ली में मानसून के आगमन का इंतजार कर रहे थे।

## रीति का जन्म दिन यूं हुआ सेलीब्रेट

# भाजपा की महिला सांसद ने तलवार से काटा केक



**सिंगारौली।** मध्यप्रदेश में भाजपा की महिला सांसद की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं, जिसमें वह तलवार से केट कट करती नजर आ रहीं हैं। दरअसल, सीधी-सिंगरौली की सांसद रीति पाठक ने अपना जन्मदिन समर्थकों के साथ मनाया। इस दौरान उन्होंने तलवार से केट काटा। तलवार के केक काटते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। तस्वीर में सांसद रीति पाठक के अलावा भाजपा जिला अध्यक्ष और दो विधायक भी साथ नजर आ रहे हैं। भाजपा सांसद रीति पाठक का 1 जुलाई को जन्मदिन था। उस दिन सुबह से ही पार्टी के नेताओं और समर्थकों का बधाई देने के लिए तांता लगा हुआ था। इस मौके पर सांसद रीति पाठक ने एनटीपीसी परिसर स्थित सूर्या भवन में जन्मदिन मनाया जन्मदिन का केक सिंगरौली विधायक राम लल्लू वैश्य, देवसर विधायक सुभाष रामचरित्र वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सिंगरौली वीरेंद्र गोयल और युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद चौबे की उपस्थिति में तलवार से काटा गया।

### केक कटिंग की तस्वीरें शेयर कर घिरीं रिति पाठक

केक कटिंग की तस्वीरें खुद रीति पाठक ने ट्वीट की थीं, जहां से अब वे सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। वायरल तस्वीर को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। सोशल मीडिया पर लोग सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर तलवार से केक काटकर सांसद क्या संदेश देना चाहती हैं। कांग्रेस ने भी इस तस्वीर को लेकर तंज कसा है।बता दें कि रीति पाठक दूसरी बार सांसद चुनी गई हैं। इससे पहले वह वर्ष 2014 का लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंची थीं। वह अपने संसदीय क्षेत्र में काफी एक्टिव रहती हैं।

## अधीर का कटेगा पत्ता? लोकसभा में कांग्रेस के नेता होंगे

# थरूर या मनीष तिवारी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक बड़ा कदम उठाते हुए जल्द लोकसभा में पार्टी का नेता बदल सकती है। अटकलें लगाईं जा रही हैं कि सोनिया गांधी अधीर रंजन चौधरी को पद से हटाकर किसी और को लोकसभा में पार्टी के नेता की बागडोर सौंप सकती हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस में जल्द होने वाले कई बदलावों में से एक यह भी होगा, जो संसद के मानसून सत्र से पहले सामने आया है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी पश्चिम बंगाल के बहरामपुर से सांसद हैं। वह विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस का चेहरा थे और राज्य कांग्रेस के प्रमुख हैं। अधीर रंजन कांग्रेस के बागी नेताओं के समूह जी-23 के बड़े आलोचक हैं। जब इन नेताओं ने संगठन में बड़ बदलावों के लिए सोनिया गांधी को पिछले साल अगस्त में पत्र लिखा था, तब चौधरी नेतृत्व के साथ खड़े थे। वह संसद में पब्लिक अकाउंट कमेटी के चेयरमैन भी हैं। एक अंग्रेजी समाचार पत्र की रिपोर्ट के मुताबिक, अधीर रंजन चौधरी को लोकसभा में पार्टी के नेता पद से हटाने के फैसले को तृणमूल कांग्रेस के साथ तालमेल बनाने और भाजपा के खिलाफ अभियान का समन्वय करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। बता दें कि एक ओर जहां कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों में वामदल के साथ गठबंधन करके तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय नेतृत्व ने मुख्य रूप से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला करने से परहेज किया था और उनकी जीत का स्वागत किया था।

### कैसे हुआ दोनो का नाम आगे

सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा में कांग्रेस नेता बनने की रेस में सबसे आगे तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर और आनंदपुर साहिब के सांसद मनीष तिवारी हैं। ये दोनों 23 वरिष्ठ नेताओं द्वारा सोनिया गांधी को लिखे गए पत्र के हस्ताक्षरकर्ता भी हैं। बताया जा रहा है कि सोनिया गांधी लोकसभा में अधीर रंजन चौधरी की जगह कांग्रेसी नेता शशि थरूर या मनीष तिवारी को चुन सकती हैं। अगर कांग्रेस लोकसभा में पार्टी के नेता के रूप में थरूर या तिवारी को नियुक्त करती है, तो इसे कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में राहुल की संभावित वापसी से पहले गांधी परिवार की ओर से एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में देखा जाएगा। सूत्रों का कहना है कि पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह मनीष तिवारी को पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष बनाना चाहते हैं।




### मुलायम के गढ़ में अपनों ने ही पंचर कर दी साइकिल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव का गढ़ कहे जाने वाले मैनपुरी में साइकिल की सवारी करने वाले अपनों ने ही जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में साइकिल पंचर कर दी। इसके साथ ही उन्होंने केसरिया खेमे के संग मिलकर कमल खिलाने में अहम भूमिका निभाई। परिणाम आने के बाद भाजपा जहां सपा के किले को ध्वस्त करने का जश्न मना रही है, वहीं सपा में मायूसी है। तीन दशक से जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर सपा के प्रत्याशी मनोज यादव को भाजपा प्रत्याशी अर्चना भदौरिया ने हरा दिया। शनिवार शाम को अर्चना भदौरिया को विजयी घोषित किया गया तो भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के लिए ये जीत बेहद अहम मानी जा रही है। जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में सपा समर्थित 13 प्रत्याशी जीतकर आए थे। भाजपा के आठ, निर्दलीय आठ और कांग्रेस के एक प्रत्याशी को जनादेश मिला था। निर्दलीय प्रत्याशियों में भी अधिकतर सपा के अपने बागी ही थे, जो टिकट न मिलने से नाराज होकर मैदान में उतरे थे। ऐसे में सपा को भरोसा था कि वह फिर तीन दशक से चले आ रहे इतिहास को दोहराते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष बनाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

# चचेरी बहनों से क्रूरता

एमपी के धार में बर्बरता देख कांप उठी रूह



**धार।** मध्यप्रदेश के अलीराजपुर में युवती के साथ हुई बर्बरता का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब धार जिले के टांडा थाना के तहत ग्राम पीपलवा के ग्रामीणों की क्रूरता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दो युवतियों को लोग लाठी-डंडों से पीटते और उनके साथ जानवरों सा बर्ताव करते नजर आ रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो धार जिले के टांडा थाना क्षेत्र में आने वाले पीपलवा गांव में हुई बर्बरता का है। जानकारी के मुताबिक, युवतियों को उनके चचेरे भाई और रिश्तेदार लाठी-डंडों से पीटते रहे। वीडियो में नजर आता है कि लड़कियां चिल्लाती रहीं, लेकिन इंसानों से हैवान बने लोगों का दिल रत्ती भर नहीं पसीजा। रोती-बिलखती लड़कियां उनसे रहम की भीख मांगती रहीं, लेकिन वहां रहम नहीं लाठी डंडों से पिटाई मिली। वीडियो में नजर आता है कि लड़कियों को युवकों ने तो बेरहमी से पीटा ही, लेकिन वहां मौजूद महिलाओं की भी इंसानियत मर गई, उन्होंने भी जमकर लाठी, पत्थर, लात और घूंसे बरसाए। हैरान कर देने वाली बात यह है कि वहां मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो मोबाइल में कैद किया, लेकिन किसी ने लड़कियों को बचाने की जहमत नहीं उठाई।



### बिहार में सियासी भूचाल इस्तीफे की धमकी के बीच दिल्ली पहुंचे मंत्री मदन

**पटना।** बिहार में राजनैतिक उथल पुथल जारी है। इस्तीफे के एलान के 52 घंटे बाद मदन सहनी अब दिल्ली चले गए हैं। दिनभर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बुलावे का इंतजार करते रहे मदन सहनी को मुख्यमंत्री से जरा भी भाव नहीं मिला। अब ऐसे में सहनी का दिल्ली जाना बिहार में नया सियासी बवाल खड़ा कर सकता है। दिल्ली में सहनी की मुलाकात उन नेताओं से होनी है, सियासत में बड़ा उलटफेर करने में माहिर हैं।

# दैनिक मामलों में उतार चढ़ाव

## मध्यप्रदेश में 8 जिले दे रहे टेंशन, सीएम ने जताई चिंता



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के दैनिक मामलों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना वायरस के 43 हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं जबकि 900 से ज्यादा लोगों ने एक ही दिन में अपना दम तोड़ दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बात की जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस संक्रमण के एक दिन में 43,071 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,05,45,433 हो गई, जबकि संक्रमण के उपचाराधीन मामले, यानी सक्रिय मामले कम होकर 4,85,350 हो गए। चार लाख से ज्यादा मरीजों ने तोड़ा दम देश में संक्रमण के कारण 955 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,02,005 हो गई।उधर मध्यप्रदेश में संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा जारी कोरोनावायरस मीडिया बुलेटिन के अनुसार आज भोपाल में 12, इंदौर में 9, जबलपुर में 5, बैतूल में 4, राजगढ़ में 3, मुरैना में 3, नीमच में 2 और रतलाम, खरगोन, सतना, विदिशा, होशंगाबाद, उमरिया, गुना, हरदा एवं निवाड़ी में 1-1 नागरिक संक्रमित मिला है। विश्वास पूर्वक कहा जा सकता है कि यह सभी लोग RTPCR आने से पहले तक समाज में स्वस्थ नागरिक की तरह शामिल थे। इसलिए यह भी माना जा सकता है कि इन लोगों के कारण कई अन्य स्वास्थ्य लोग संक्रमित हुए होंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने आज भी चिंता जताई है।

# छतरपुर में उपयंत्री ने लगाया सांसद प्रतिनिधि पर हमले का आरोप



**छतरपुर।** छतरपुर जिले के सिविल लाइन थानान्तर्गत ग्राम ललोनी में सीसी रोड निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने टीकमगढ़ सांसद वीरेंद्र खटीक और उनके साथियों पर हमला करने का आरोप लगाया है। उपयंत्री ने जैसे-तैसे एक मकान में घुसकर अपनी जान बचाई। इसके बाद उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को फोन पर सूचना दी, तब उपयंत्री को वहां से बाहर निकाला जा सका। दरअसल शनिवार को ग्राम ललौनी में लोक निर्माण विभाग के 53 वर्षीय उपयंत्री रामदीन यादव सीसी रोड का निरीक्षण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान वहां गांव के दबंग भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि दद्दा ललोनी अपने साथियों के साथ पहुंच गए। सांसद प्रतिनिधि व उनके साथ आए लोग अपने घर के पास से सड़क बनाने के लिए दबाव डालने लगे। दोनों पक्षों में इस बात को लेकर बहस शुरू हुई, फिर मामला इतना बढ़ गया कि दद्दा ललोनी ने अपने साथियों संजय, वीरू, सिंघम व अन्य लोगों के साथ मिलकर उपयंत्री को घेर लिया और लोहे की रॉड, फावड़ा से जानलेवा हमला कर दिया। उपयंत्री यादव जान बचाने के लिए भागे और गांव में ही एक घर में घुस गए। इसके बाद उन्होंने वहां से अपने वरिष्ठ अफसरों को फोन करके पूरी घटना की जानकारी दी। जब अधिकारी वहां पहुंचे तब उपयंत्री को क्षेत्र से निकालकर अस्पताल पहुंचाया जा सका।

### गरीबों को सब कुछ मुफ्त मिला तो नहीं करेंगे काम

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई की सड़कों पर जिंदगी बिताने वाले गरीबों एवं भिखारियों को तीन समय का भोजन, शुद्ध पेयजल और शौचालय इत्यादि के लिए दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि यदि गरीबों को सब कुछ फ्री में दे दिया गया तो वह काम नहीं करेंगे। इसके कारण गरीबों की संख्या बढ़ जाएगी। उन्हें भी देश के लिए कुछ काम करना चाहिए।

# पांचवे दिन हड़ताल पर नर्स



**इंदौर।** रविवार को लगातार पांचवे दिन नर्सेस एसोसिएशन की हड़ताल जारी रही। शनिवार को इंदौर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से एसोसिएशन की पदाधिकारियों की मुलाकात के बाद भी हड़ताल खत्म करने को लेकर पदाधिकारियों ने कोई निर्णय नहीं लिया। ऐसे में अब यह कयास लगाए जा रहे है कि सोमवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त और अन्य अफसरों के साथ एसोसिएशन के पदाधिकारियों की सोमवार को होने वाली बैठक के बाद ही हड़ताल खत्म होगी या नहीं, इस मुद्दे पर निर्णय हो पाएगा।थोड़ा आप भी करें। वहीं अब इस मामले में कांग्रेस पार्टी भी कूद गई है।






# विराट ने मंधाना से पूछा- लव मैरिज करोगी या अरेंज?



**वेब डेस्क।** महिला क्रिकेट टीम की ओपनर स्मृति मंधाना अपनी कमाल की बल्लेबाजी के लिए प्रशंसकों के बीच मशहूर हैं। मंधाना की बल्लेबाजी स्टाइल की तुलना पूर्व कप्तान सौरव गांगुली से होती है। जिस तरह सौरव गांगुली ऑफ साइड पर बेहतरीन शॉट लगाते थे, ठीक उसी तरह स्मृति मंधाना भी ऑफ साइड में दर्शनीय स्ट्रोक्स लगाती है। वैसे बल्लेबाजी के अलावा स्मृति मंधाना अपनी खूबसूरती के लिए भी खासा पॉपुलर हैं। हाल ही में मंधाना अपने एक ट्वीट को लेकर चर्चा में हैं। महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना की खूबसूरती के लाखों चाहने वाले हैं। वे लोग अक्सर सोशल मीडिया पर उनसे निजी सवाल भी पूछ लेते हैं। स्मृति मंधाना का एक पुराना ट्वीट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उनसे उनकी शादी के संबंध में सवाल किया गया था। विराट नवीन नाम के एक यूजर ने मंधाना से पूछा कि आप लव मैरिज करेंगी या अरेंज? इस पर मंधाना ने जबरदस्त जवाब दिया। मंधाना ने यूजर को जवाब दिया, लव-रेंजड यानी मंधाना प्यार करेंगी और उसके बाद दोनों परिवारों को मनाकर अरेंज मैरिज रचाएंगी। बता दें कि स्मृति मंधाना अभी महज 24 साल की हैं। अभी उनकी शादी में वक्त है। फिलहाल मंधाना का पूरा ध्यान क्रिकेट पर है। मंधाना इस वक्त इंग्लैंड दौरे पर हैं। मंधाना ने टीम इंडिया के लिए 58 वनडे, 78 टी20 और 3 टेस्ट मैच खेले हैं। वनडे में मंधाना का औसत 41 से ऊपर है और वो 2,204 रन बना चुकी हैं। मंधाना के बल्ले से 4 वनडे शतक निकले हैं। टी20 में मंधाना ने 25.45 की औसत से 1782 रन बनाए हैं। मंधाना ने टी20 में 12 अर्धशतक लगाए हैं।

### राउत की भाजपा नेता से मुलाकात,सियासत शुरू



**मुंबई।** शिवसेना सांसद संजय राउत और भाजपा नेता आशीष शेलार की मुलाकात की खबरों से अटकलों का बाजार गर्मा गया। रविवार को संजय राउत आशीष के साथ मुलाकात को एक अफवाह बताया। उन्होंने कहा कि हम आशीष से शनिवार को नहीं मिले। उन्होंने कहा, लोगों को समझना होगा कि महाराष्ट्र की राजनीति भारत-पाकिस्तान के रिश्तों जैसी नहीं है। अशीष शेलार के साथ मुलाकात पर संजय राउत ने कहा,मेरी भाजपा नेता आशीष शेलार से मुलाकात नहीं हुई है। हम बहुत पहले एक सामाजिक समारोह में मिले थे। कल यानी सोमवार से विधानसभा सत्र शुरू होने वाला है। इसलिए उससे पहले ये अफवाह फैलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की राजनीति भारत और पाकिस्तान जैसी नहीं है। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद सौहार्दपूर्ण रिश्ते हैं। इसके कुछ देर बाद संजय राउत ने ट्वीट किया, हमारी अफवाह के धुंए वहीं से उठते हैं, जहां हमारे नाम से आग लग जाती है।




कटनी, जबलपुर, मंडला, सिवनी, नरसिंहपुर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित

# आपकी टिकट पर परिवार का कोई दूसरा सदस्य भी कर सकता है यात्रा

## रेलवे के नए नियम का आसानी से लाभ ले सकते हैं यात्री

**कटनी।** रेलवे अपने यात्रियों की सुविधा के लिए नए-नए नियम लागू करते रहता है। एक बार फिर से रेलवे के इस नए नियम से हर यात्री को इसका बहुत लाभ होगा। दरअसल जब हम ट्रेन से कहीं जाने का प्लान बनाते हैं तो उससे पहले ही ट्रेन की टिकट बुक कर लेते हैं लेकिन जब ट्रेन की तारीख नजदीक आती है तो किसी न किसी कारणवश हमारा जाने का प्लान कैंसल हो जाता है। ऐसे में प्लान तो कैंसल हुआ ही साथ ही पैसे भी डूब जाते हैं। खास बात तो यह है कि उस टिकट पर सिर्फ आप ही यात्रा कर सकते थे। वहीं अब रेलवे के इस नए नियम से तमाम यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा।

### परिवार के अन्य सदस्य के नाम पर ट्रांसफर कर सकते हैं टिकट

रेलवे अब तमाम यात्रियों के लिए एक ऐसी सुविधा दे रहा है। जिसके बारे में बहुत ही कम लोगों को पता है। रेलवे के इस नियम के अनुसार आप किसी वजह से यात्रा करने में असमर्थ हैं तो आप टिकट को अपने किसी परिजन के नाम पर भी ट्रांसफर करा सकते हैं। ऐसा करने से यात्री के पैसे भी बच जाएंगे एवं उसका जरूरी काम भी होने की पूरी संभावना रहेगी।

### इस तरह ट्रांसफर होगी टिकट




टिकट को ट्रांसफर करने के लिए आपको ट्रेन के प्रस्थान से 24 घंटे पहले नजदीकी रेलवे रिजर्वेशन काउंटर पर जाना होगा। काउंटर पर आपको टिकट की कॉपी दिखानी होगी और अपनी आईडी के साथ-साथ उस परिजन की भी आईडी देनी होगी जो आपकी जगह यात्रा करेगा। टिकट और सभी दस्तावेजों के साथ आपको टिकट ट्रांसफर करने के लिए आवेदन करना होगा। जिसके बाद अधिकारी आपकी टिकट को आपके किसी भी परिजन के नाम ट्रांसफर कर देगा।

### ध्यान रखने योग्य बातें

रेलवे की इस खास सुविधा का उपयोग करने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आप अपनी टिकट सिर्फ अपने परिजनों जैसे माता, पिता, भाई, बहन, पुत्र, पुत्री, पति, पत्नी के नाम पर ही ट्रांसफर करा सकते हैं। अगर आप चाहें कि आप अपनी टिकट किसी दोस्त के नाम पर ट्रांसफर कर दें तो ये संभव नहीं है। परिजनों के अलावा रेलवे किसी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के छात्रों को भी टिकट ट्रांसफर करने की सुविधा प्रदान करता है। ऐसी स्थिति में इंस्टीट्यूट के प्रमुख को लेटर हेड पर जरूरी दस्तावेजों के साथ लिखित में ट्रेन के प्रस्थान से 48 घंटे पहले आवेदन करना होता है।

### शादी पार्टी में जाने वालों को भी मिलेगी सुविधा

रेलवे द्वारा टिकट ट्रांसफर कराने की यह सुविधा शादी या पार्टी में जाने वाले लोगों को भी मिल पाएगी। जी हां शादी या पार्टी में जाने वाले लोगों के सामने भी ऐसी परिस्थिति आ जाए तो यात्रा और शादी पार्टी के आयोजक को 48 घंटे पहले जरूरी दस्तावेजों के साथ आवेदन करना होता है। इस बारे में भी आपको बतादें कि टिकट ट्रांसफर कराने की सुविधा काउंटर टिकट के साथ-साथ ऑनलाइन टिकट पर भी दी जाती है।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में रूचि नहीं ले रहे सरकारी विभाग

### सिस्टम की लापरवाही: कोई राशन के लिए तो कोई पीएम आवास किश्त के लिए लगा रहा चक्कर

**कटनी।** राज्य सरकार द्वारा आम नागरिकों के हित में कई तरह की योजनाएं संचालित की जा रही है लेकिन इन योजनाओं के क्रियान्वयन में बरती जा रही लापरवाही और उदासीनता के चलते पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की लापरवाही के दो बड़े मामले बरही नगर परिषद और ढीमरखेड़ा जनपद क्षेत्र में सामने आए हैं। जानकारी के मुताबिक बरही में



60 वर्षीय बुजुर्ग को 6 माह से राशन नहीं मिला तो वहीं ढीमरखेड़ा तहसील के हरदी गांव में 80 वर्षीय वृद्धा को पीएम आवास स्वीकृत हो जाने के बाद तीन माह बाद भी राशि नहीं मिली। इस मामले में सरकारी विभागों और कर्मचारियों की खुलकर लापरवाही सामने आ रही है। राशन नहीं मिलने से परेशान बुजुर्ग ने कहा कोरोना लॉकडाउन में जीना मुश्किल हो गया है। नगर परिषद बरही के आदिवासी वार्ड क्रमांक 9 के पूर्व पार्षद 60 वर्षीय बुजुर्ग रज्जु कोल 6 माह से राशन के लिए परेशान है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान राशन नहीं मिलने से ज्यादा परेशानी का सामना पड़ा। राज्य व केंद्र सरकार द्वारा पहले जून माह तक मुफ्त राशन देने की घोषणा की गई और बाद में उसे बढ़ाकर नवंबर माह तक कर दी गई है। सरकार की इस योजना को लेकर जरूरतमंद गरीब परिवारों का कहना है कि राशन देने की योजना कई बार कागजों तक सीमित होकर रह जाती है। जमीनी हकीकत यह है कि आज भी कई गरीब परिवार राशन के लिए दर-दर भटकने के लिए मजबूर हैं। रज्जु कोल ने बताया कि राशन की समस्या को लेकर कई बार बरही नगर परिषद के अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं। समस्या की जानकारी कलेक्ट्रेट जाकर भी अधिकारियों दिए हैं, फिर भी अब तक राशन उपलब्ध नहीं हो पाया।

### आवास स्वीकृति के बाद भी खाते में नहीं आई राशि

ढीमरखेड़ा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम हरदी के ग्राम डूडी निवासी 80 वर्षीय वृद्धा गयाबाई पति वीरसिंह को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृति के 3 माह बाद भी पहली किस्त के रूप में 25 हजार रुपये की राशि आज तक नहीं मिली। बताया जाता है कि वृद्धा जानकारी लेने के लिए बैंक पहुंची तो पता चला कि इनके साथ सूची में जारी अन्य लोगों की दूसरी और तीसरी किस्तें तक आ चुकी हैं। उम्र के इस पड़ाव में वृद्धा को पहली किस्त के लिए ही चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इस पूरे मामले में ब्लाक समन्वयक दीपक रहंगडाले द्वारा संबंधित रोजगार सहायक व सचिव से जानकारी लेने की बात कही जा रही है। रोजगार सहायक सुरेंद्र पटेल का कहना है कि राशि जारी होने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी कर लेने के बाद किश्त क्यों जारी नहीं हुई है, इस बारे में पता करवाते हैं। पंचायत सचिव राजेश सिंह ने जनपद जाकर आवास योजना की किस्त भिजवाने की बात कही है।



# 14 टीकाकरण केन्द्रों में 85.34 प्रतिशत वेक्सीनेशन

### 2014 नागरिकों ने पहुंचकर पाया अपना सुरक्षा कवच

**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत जिले में शनिवार को निर्धारित 14 टीकाकरण केन्द्रों पर कोवेक्सीन के दूसरे डोज के लिये विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। जिले में राज्य शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 2 हजार 360 के विरुद्ध शाम 6 बजे तक 2 हजार 14 लोगों का वेक्सीनेशन कराया गया। जिले में 3 जुलाई को शाम 6 बजे तक 85.34 प्रतिशत वेक्सीनेशन हुआ। इतना ही नहीं टीकाकरण कार्य अभी भी जारी है। जिले में वेक्सीनेशन महा-अभियान में कोवेक्सीन के दूसरे डोज के टीकाकरण के लिये 14 टीकाकरण केन्द्रों में शनिवार की सुबह 10 बजे से ही वेक्सीनेशन को लेकर नागरिक टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंचे और अपना कोवेक्सीन का दूसरे डोज का टीकाकरण भी कराया। शहरी क्षेत्र 1326, बरही में 49, कन्हवारा में 145, विजयराघवगढ़ में 218, बहोरीबंद में 30, रीठी में 90, ढीमरखेड़ा में 46 और बड़वारा में 110 लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये वेक्सीनेशन का सुरक्षा कवच दिया गया।

### रविवार को जिले में नहीं होंगे कोविड वेक्सीनेशन सत्र

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि 5 जुलाई को रविवार को शासकीय अवकाश होने के कारण जिले के किसी भी केन्द्र पर कोविड वेक्सीनेशन सत्रों का आयोजन नहीं होगा। वहीं रविवार 5 जुलाई को वेक्सीनेशन के लिये निर्धारित केन्द्रों पर कोवीशील्ड वेक्सीन की दूसरी डोज लगाई जायेगी। जिसके तहत सोमवार को ऐसे व्यक्तियों का वेक्सीनेशन किया जायेगा, जिन्हे पूर्व में कोवीशील्ड की पहली डोज लग चुकी तथा उनकी दूसरे डोज की अवधि की निर्धारित समय सीमा भी पूरी हो चुकी है।




# स्वच्छता अभियान: वृक्षारोपण एवं प्लास्टिक मुक्त भारत का दिया संदेश

**कटनी।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से लेकर उनके 6 जुलाई जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मुड़वारा मण्डल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार नेतृत्व वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त भारत एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी तारतम्य में आज 4 जुलाई को प्रातः 7.30 बजे स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से निवर्तमान महापौर एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शशांक श्रीवास्तव, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश सोनी, सुरेश रोचलानी बृजमोहन गट्टानी, आज के कार्यक्रम के प्रभारी अभिषेक गुप्ता, कार्यक्रम सह प्रभारी मनीष त्रिसोलिया, शैलेंद्र चनपुरिया यज्ञदत्त मिश्रा पप्पा भैया, सर्वेश तिवारी, करन रैदास, बंटी जैन, सुरेश साहू, भावेश रजक, राधेश्याम शर्मा, राहुल तिवारी, कंजे रजक, सोहन साहू, रवि तिवारी, एवं समस्त देवतुल्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में स्वक्षता, वृक्षारोपण, एवं प्लास्टिक मुक्त भारत हेतु शपथ ग्रहण की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शशांक एवं आभार अभिषेक ताम्रकार ने किया।

# आम निस्तार, शासकीय भूमि में कर लिया कब्जा

### बरही तहसील के ग्राम खन्ना-बंजारी का मामला, अतिक्रमण हटाने ग्रामीण लगा रहा गुहार



**बरही।** शासकीय भूमि के साथ ही आम-निस्तार रास्ता में कब्जा जमाते हुए अतिक्रमणकारियों ने निर्माण भी कर लिया है, जिससे ग्रामीणों को आम-निस्तार के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ग्रामीणों ने सरकारी भूमि के बड़े रकवे के साथ आम-निस्तार के रास्ते मे हुए कब्जे को बेदखल करने की गुहार लगा रहा है। यह मामला बरही तहसील के ग्राम खन्ना-बंजारी का है। खन्ना-बंजारी निवासी रामस्वरूप पिता रामप्रसाद पटेल ने अतिक्रमण हटाने की गुहार लगाते हुए आरोप मढ़ा है कि ग्राम खन्ना-बंजारी पटवारी हल्का नंबर 07 राजस्व निरीक्षक मंडल तहसील बरही स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 1047 रकबा लगभग ढाई एकड़, खसरा नंबर 592 रकवा 4 आरे जो सार्वजनिक रोड मद में दर्ज है, उक्त भूभाग में गांव के ही रामवरण, राजेश पिता बाबूलाल यादव, अमरनाथ, रामलाल पिता श्यामलाल पटेल द्वारा अतिक्रमण किया गया है। इतना ही नही उक्त शासकीय भूमि में बोर कराकर जुताई भी करा दी गई है। वही आम रास्ते मे पक्का निर्माण कराकर रास्ता बंद कर दिया गया है, जिससे आमनिस्तार के लिए ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। पीड़ित रामस्वरूप ने मामले की लिखित शिकायत बरही तहसील में करते हुए अतिक्रमण हटाने, शासकीय भूमि को कब्जाधारियों के आधिपत्य से मुक्त कराने की गुहार लगाई है।



### इनका कहना है

शासकीय भूमि एवं आम निस्तार के मार्ग में यदि कब्जा किया गया है, तो अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाई करते हुए उनके कब्जे से भूमि अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

-एस एन त्रिपाठी, तहसीलदार बरही

# पापा की याद में बेटे एवं नाती-पोतों ने लगाए पौधे

### पूर्व नपा अध्यक्ष बाला प्रसाद वर्मा के जन्मोत्सव में अनुकरणीय प्रयास,बरही के शिवमंदिर प्रांगण में पौधों के साथ लगाए ट्री-गार्ड



**बरही।** नगर परिषद बरही के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय बाला प्रसाद वर्मा लालाजी की जन्मोत्सव के अवसर पर वर्मा परिवार द्वारा अनुकरणीय प्रयास किया गया है। लाला जी की याद में उनके पुत्रों नाती-पोतों ने हरियाली का संदेश देते हुए विजयनाथधाम प्रांगण में 10 पौधे रोपित करते हुए पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड भी लगाए है। इस बारे उनके पुत्र अजय वर्मा बताते है कि उनके पिताश्री भगवान विजयनाथ के अनन्य भक्त थे, अपने सम्पूर्ण जीवन काल मे वे दोनों वक्त भोलेनाथ के दर्शन के लिए हर-हाल में पहुँचते थे, जिनकी याद में भगवान भोलेनाथ के प्रांगण में पूरे परिवार उनके शुभचिंतकों के साथ 3 जून जन्मोत्सव के अवसर पर 10 पौधे जिनमे नीम, कदम, जामुन, कंजी के पौधे शामिल है लगाए गए है, जिनकी देख-रेख का भी संकल्प वर्मा परिवार ने लिया है।



### इनकी रही उपस्थिति

पौधरोपण कार्यक्रम में जहां पूरा वर्मा परिवार उपस्थित रहा तो वही शहजाद भाईजान, सुरेंद्र दुबे, विजय अग्रवाल, कनछेदी ताम्रकार, कामता जायसवाल, डा दीपक अग्रवाल, डा के पी मिश्रा नीरज अग्रवाल, मस्तराम ताम्रकार, राजेश वर्मा, राज किशोर वर्मा, विजय वर्मा, ओकार ताम्रकार, कृष्णकांत ताम्रकार, उमेश गुप्ता, विजय वर्मा, कृष्ण कुमार मिश्रा, प्रेम लाल सेन, आनंद सराफ, अजय वर्मा, मेघा वर्मा सीलम वर्मा आशु वर्मा आदि सहभागी बने ।

# आज से प्रारंभ हो गया वेंकट लायब्रेरी का संचालन




**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार आज 4 जुलाई से नगर पालिक निगम द्वारा संचालित वेंकट पुस्तकालय पूर्ववत अनुसार निर्धारित दिवसों में नियत समय-सीमा में संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्री मिश्रा ने नगर निगम आयुक्त को आवश्यक निर्देश जारी किया है। वेंकट पुस्तकालय में पाठकगण, प्रबुद्धजन, विद्यार्थियों आदि आगंतुकों को कोविड-19 के निर्धारित प्रोटोकॉल का अनिवार्य रुप से पालन सुनिश्चित करना होगा। साथ ही प्रभारी वेंकट पुस्तकालय, ग्रंथपालन, नगर पालिक निगम कटनी को आदेशित किया गया है कि पुस्तकालय प्रांगण की आवश्यक साफ-सफाई, सैनीटाईजेशन कराते हुये प्रतिदिन सोशल डिस्टेन्सिंग के साथ बैठक व्यवस्था सुनिश्चत की जाये तथा चेहरे पर मास्क की अनिवार्यतः के साथ पुस्तकालय का संचालन किया जाये।




## नीलिमा ❤ से

### डस रही महंगाई

*जनता शोर मचाकर दे रही ये दुहाई*
*सरेआम क्यों हमको लूट रही महंगाई*
*कब तक जुल्म ढायेगी ये मंहगाई*
*कहां होगी आम जनता की सुनवाई*

*मिलावट का बाजार है सब पर भारी*
*महंगी रोटी, महंगी शिक्षा, महंगी है चिकित्सा*
*भ्रष्टाचारियों की कैसी ये महामारी आई*
*कहां होगी आम जनता की सुनवाई*

*रोज बढ़ रहे पेट्रोल डीजल के दाम*
*गरीब जनता कितना हो रही हैरान*
*कम पड़ रही ईमानदारी की कमाई*
*कहां होगी आम जनता की सुनवाई*

*युवाओं के हाथों में डिग्री,साथ है बेकारी*
*दम तोड़ रही हैं आँखों में हर ख्वाहिश*
*हर तरफ कैसी ये बेरोजगारी छाई*
*कहां होगी आम जनता की सुनवाई*

*मध्यम वर्ग का करके हाल-बेहाल*
*गरीबों का करके जीना मुहाल*
*नेताओं के वादे खोखला कर रही महंगाई*
*कहां होगी आम जनता की सुनवाई!!!*






- नीलिमा पाठक सामंतरे

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 04 जुलाई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# रीठी के गोल बाजार में गुणवत्ताहीन हो रहा पेवर ब्लाक का निर्माण कार्य

## सरपंच-सचिव, उपयंत्री की मिलीभगत से लगाया जा रहा भ्रष्टाचार का मसाला, अधिकारी अंजान





कटनी। शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत के माध्यम से कराये जा रहे विकास कार्यों में सरपंच-सचिव और उपयंत्री की मिलीभगत से अनियमितताओं को अंजाम देने का क्रम जारी किया गया है, और निर्देशों को धता बताते हुए गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं तो वहीं प्रशासनिक अमला भी पूरी तरह अनजान बना बैठा प्रतीत हो रहा है। शासन द्वारा संचालित योजनाओं के तहत होने वाले विकास कार्यों में ग्राम पंचायत में बैठे अमले द्वारा भर्रेशाही को अंजाम देने व नियमों को ताक पर रखकर निर्माण कार्यो मे लीपापोती कर खानापूर्ति करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं और शासन की मंशा पर पानी फेरने की कवायद की जा रही है तो वहीं जिम्मेदार अधिकारीयों द्वारा ध्यान देना भी मुनासिब नही समझा जा रहा है। रीठी ग्राम पंचायत द्वारा गोल बाजार परिसर में कराये जा रहे पेबर ब्लाक के निर्माण कार्य में अनियमितताएं बरती जा रहीं है और सरकारी रूपयों में खानापूर्ति कर स्वयं लाभ लेने की कवायद की जा रही है। बताया गया कि जनपद पंचायत रीठी से स्वीकृति मिलने के बाद ग्राम पंचायत रीठी द्वारा नगर के गोल बाजार परिसर मे पेबर ब्लाक का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें गुणवत्ता का जरा भी ख्याल नही किया जा रहा है।

### निर्माण एजेंसी बाइब्रेटर से भी कर रही परहेज

रीठी ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों में सरकारी खजाने से अपनी तिजोरी भरने की ऐसी होड़ मची है कि पेबर ब्लाक के निर्माण कार्य में बाइब्रेटर चलाना भी उचित नहीं समझा जा रहा है। बाइब्रेटर न चलने के कारण गिट्टी बाहर निकलने लगी है। बावजूद इसके निर्माण कार्य में बाइब्रेटर नहीं चलाया जा रहा है। जिससे मजबूती भी नही आ पा रही है।

### नहीं लगाया गया कार्य का बोर्ड

ग्राम पंचायत ने शासन के निर्देशानुसार स्वीकृत या लागत का बोर्ड भी निर्माण स्थल पर लगवाना मुनासिब नहीं समझा, जिससे शासकीय रूपयों से होने वाले विकास कार्य की जानकारी ग्रामीणों को हो सके। उक्त निर्माण कार्य किस मद से हो रहा है, स्वीकृत व लागत राशि क्या है। इसकी जानकारी भी बोर्ड न लगवा कर लोगो से छिपाने की कोशिश की जा रही है। लोग बिचार करने तब मजबूर हो जाते हैं जब जनपद मुख्यालय में ही विकास कार्यों पर पलीता लगाया जाता है और जिम्मेदार कुंभकर्णीय निंद्रा में लीन रहते है।

### मिट्टी के ऊपर से डाल दिए गिट्टी का मसाला

ग्रामीणो ने बताया कि पेबर ब्लाक के निर्माण कार्य में ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित मापदंडो को दरकिनार सरपंच-सचिव और उपयंत्री की मिलीभगत से मनमानी की जा रही है। निर्माण स्थल में समतलीकरण के लिए डाली गई मिट्टी के ऊपर गिट्टी का मसाला लगा दिया गया है। ग्रामीणो का कहना है कि बिना बेस डाले मिट्टी के ऊपर मसाला लगा देने से मजबूती नहीं आएगी और निर्माण कार्य धसक भी सकता है।




# किसानों ने लाइव सुना मुख्यमंत्री का संबोधन

**कटनी।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पूरे मध्यप्रदेश में मनाया गया है और इस दिवस पर सभी सहकारी समितियों में एवं जिला सहकारी बैंक की सभी शाखाओं में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था एवं मुख्यमंत्री का संबोधन एवं सहकारिता मंत्री का संबोधन सभी सहकारी समितियों में एवं शाखाओं में लाइव टेलीकास्ट कर किसानों को सुनवाया गया। संपूर्ण जिले में सहकारी समितियों एवं शाखाओं में वृक्षारोपण किया गया है और सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया गया उपस्थित सहायक आयुक्त अरुण मसराम नोडल अधिकारी अरविंद पाठक एकर्मचारी गण एवं किसान बहन भाई मुख्यमंत्री के संबोधन को सुनते हुए उपस्थित रहे।


# टीकाकरण केन्द्रों में नगर निगम कर रहा आवश्यक व्यवस्थाएं





**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में कोविड -19 वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत नगरपालिक निगम सीमान्तर्गत चिन्हित चार केन्द्रों में निगम की आवश्यक व्यवस्थाओं को प्रातः से पूर्ण कराया गया। उपायुक्त अशफाक परवेज कुरैशी के मार्गदर्शन में चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों जगमोहन दास वार्ड स्थित सेवा भारती सरस्वती स्कूल कटनी, रफी अहमद किदवई वार्ड स्थित तिलक कॉलेज कटनी, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित पुरानी कचहरी कटनी तथा विवेकानंद वार्ड स्थित शहरी प्राथमिक स्वा. केन्द्र लखेरा में कोविड वैक्सीनेशन (कोविड 19) सत्र का आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए टीकाकरण केन्द्रों में साफ-सफाई, चूने की लाईनिंग एवं गोले, आवश्यकतानुसार पेयजल, प्रकाश, फर्नीचर, टेंट, शामियाना आदि की व्यवस्था का कार्य पूर्ण कराया जाकर गठित दल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं वार्ड स्तर पर गठित क्रायसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों के साथ अधिक से अधिक लाभार्थियों को टीकाकरण का लाभ प्रदान करानें के प्रयास किये गए। आयोजित होने वाले टीकाकरण सत्र एवं केन्द्रों की जानकारी से अधिक से अधिक नागरिकों को अवगत करानें हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिह धाकरे के निर्देशन में विगत संध्या नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो में निगम के वाहनों के माध्यम से मुनादी का कार्य कराया गया। मुनादी के दौरान टीकाकरण केन्द्रों की जानकारी प्रदान की जाकर नागरिकों से आधार कार्ड एवं मोबाईल नंबर के साथ टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर स्वयं का टीकाकरण कराकर महामारी के विरूद्ध सुरक्षा कवच प्राप्त करनें की अपील की गई।

# वेंकट लायब्रेरी परिसर को किया गया सैनेटाईज







**कटनी।** नगर की गुणवत्तापूर्ण सफाई एवं कोरोना संक्रमण के प्रसार पर लगाम लगानें के उद्धेश्य से निगम प्रशासन द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न स्थलों की सफाई सहित स्वच्छता दूतों की पृथक गेंग के माध्यम से वर्षा पूर्व नाले - नालियों की सफाई का कार्य अनवरत जारी है। डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से कचरे के संग्रहण किया जाकर नागरिकों से घरों से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में रखनें एवं निगम के कचरा वाहनों में देकर नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करनें की अपील की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर में रोजाना होनें वाली प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के तहत बाल गंगाघर तिलक वार्ड स्थित पन्ना मोड मुख्य मार्ग, गली नंबर 3 का सार्वजनिक मार्ग, इंदिरा नगर मुख्य मार्गो के डिवाइडर की सफाई, इंदिरा गांधी वार्ड स्थित बस स्टेण्ड के विभिन्न स्थलों सहित यात्री प्रतीक्षालय की सफाई, मिशन चौक मुख्य मार्ग, स्टेट बेंक तिराहा, राजीव गांधी वार्ड स्थित खिरहनी ओव्हर ब्रिज के नीचे वाली गली तथा ओव्हर ब्रिज के उपर के मुख्य मार्ग, राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित सेंट इब्राहम स्कूल गली की सडक एवं नाली, मिशन चौक से चांडक चौक तक पुल के नीचे डिवाइडर , कावस जी वार्ड भीमराव चौक से विवेकानंद चौक तक के मुख्य मार्गो एवं गढ्ढा टोला मलिन वंशकार बस्ती के मुख्य मार्ग की सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव कार्य सहित कोरोना संक्रमण के प्रसार पर लगानें एवं सुरक्षा कर दृष्टि से वेंकट लाईब्रेरी परिसर के समस्त कक्षों को हस्तचलित स्प्रेपंप के माध्यम से सेनेटाईजेशन का कार्य कराया गया।

# शटल से 75 वर्षीय महिला लापता

**कटनी।** जीआरपी प्रभारी आर के पटेल ने बताया कि 75 वर्षीय रत्तो बाई निवासी शिव नगर जबलपुर की रहने वाली हैं। परिवार के साथ यह 30 जून को यात्रा कर रही थी। उसी दौरान यह माधवनगर स्टेशन के पास उतर गई। इसके बाद इस महिला का किसी प्रकार का कोई सुराग नहीं लगा है। परिजनों ने कटनी जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## स्टेशन से शराब सहित युवक गिरफ्तार

कटनी। देशी शराब के साथ जीआरपी पुलिस ने साउथ स्टेशन से एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया। जीआरपी प्रभारी एसआइ आर के पटेल ने बताया कि चंद्रिका प्रसाद साकेत निवासी मरवाही सिंगरौली 5 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेश किया गया।

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

# अभियान चलाकर नाले-नालियों की सफाई



**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता दूतों कर पृथक गेंग के माध्यम के वर्षा पूर्व नगर के नाले - नालियों की सफाई अभियान चलाया जाकर जलप्लावन की समस्या के निदान हेतु रोजाना प्रयास किये जा रहे है। अभियान के तहत आज प्रातः इंदिरा नगर गली नंबर 9 की नालियों की सफाई उपरान्त कचरे के उठाव का कार्य, नदीपार स्थित बस स्टेण्ड के विभिन्न स्थलों के नाले-नालियों की सफाई की जाकर अपशिष्ट को बाहर निकाला गया। महात्मा गांधी वार्ड रानू जैन जी के घर के पास, गुरूनानक वार्ड स्थित होटल जी.एस.एस के सामनें वाली नालियों, सी.एल.पी पाठक स्कूल के पीछे नाली की सफाई का कार्य, कावस जी वार्ड शमशान भूमि रोड के सामने एवं बालकिशन सुजीत वंशकार के सामनें, विवेकानंद वार्ड स्थित खेर माई मंदिर के पीछे एवं अन्य स्थलों के मुख्य मार्ग की नालियों, फारेस्टर वार्ड में जयहिंद चौक से भरत चौक तक नाली की सफाई का कार्य, बरगवां मुख्य मार्ग एल.आई.सी कार्यालय के बाजू वाले नाले की सफाई का कार्य, रंगनाथ मंदिर मुख्य मार्ग के किनारे खरपतवार की कटाई सहित मंगलनगर मुख्य मार्ग के बड़े नाले सहित नगर के अन्य स्थलों के बडे एवं छोटे नाले नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर अपशिष्ट को बाहर निकाला गया।

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

विशेषतायें

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# 2.17 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में खरीफ की बोनी, बारिश के अभाव में सूखने की कगार पर फसलें



# मानसून की बेरूखी, अन्नदाता चिंतित सूखा बीता जून, अब जुलाई से उम्मीद

कटनी। कटनी के साथ ही पूरे प्रदेश में मानूसन अब तक सक्रिय नहीं हुआ है। मानसून की बेरूखी के चलते अन्नदाता चिंतित नजर आ रहा है। जून का महीना सूखा बीतने के बाद अब जुलाई के महीने से ही किसानों को उम्मीद है। मानसून सक्रिय नहीं होने की वजह से बौनी का काम भी पिछड़ता जा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों की सिंचाई मानसूनी बारिश ही निर्भर है। जिन क्षेत्रों में नहरों के माध्यम से खेतों की सिंचाई की जाती है, वहां भी हालात खराब होते जा रहे हैं। सिंचाई के लिए अब तक जैसी बारिश होनी चाहिए, वैसी नहीं हो पाई है। जिससे किसानों के चेहरे मुरझाए हुए हैं। कृषि विभाग ने किसानों को मौसम को देखते हुए ही खेती की सलाह दी है।

### जिले में बीज की आवश्यकता और आपूर्ति (क्विंटल में)

| फसल | आवश्यकता | आपूर्ति |
|---|---|---|
| धान | 42000 | 34500 |
| मक्का | 550 | 450 |
| ज्वार | 5 | 5 |
| कोदो | 50 | 20 |
| उड़द | 750 | 600 |
| मूंग | 200 | 130 |
| अरहर | 500 | 350 |
| तिल | 200 | 120 |
| सोयाबीन | 10 | 10 |
| **योग** | **44265** | **36185** |

जून महीने के अंतिम सप्ताह में बारिश होने के बाद किसानों ने खेतों में फसलों की बोनी शुरू कर दी थी लेकिन इसके बाद मानसून पूरी तरह से सक्रिय नहीं हुआ, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। किसानों का कहना है कि खरीफ की बोनी के लायक बारिश नहीं हो रही है। यदि ऐसा ही रहा तो बोनी के लिए निर्धारित समय निकल जाएगा हालांकि मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस साल जिले में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है। इस साल पिछले वर्ष की तुलना में खेती का रकबा भी बढ़ गया है। साल 2020 में 213.4 हजार हेक्टेयर में खरीफ की बोवनी की गई थी, जो कि इस बार बढ़कर 2174.2 हजार हेक्टेयर पहुंच गया है। जिले में सबसे ज्यादा खेती धान की होगी। इस बार 190 हजार हेक्टेयर में किसान धान की खेती करेंगे, जबकि 2020 में 187.3 हजार हेक्टेयर में धान की खेती हुई थी।

यश भारत
खास खबर

### जल्द सक्रिय होगा मानसून

मानसून की बेरूखी के चलते किसान हताश नजर आ रहा है। अपेक्षित बरसात नहीं होने के कारण खरीफ फसल की बोवनी पिछड़ती जा रही है। जून माह में बारिश तो हुई है लेकिन रूक-रूक कर अलग-अलग स्थानों पर पानी बरसने के कारण खेतों में पर्याप्त नमी नहीं मिल सकी है। इससे किसान फसलों को लेकर चिंतत हैं, हालांकि मौसम विज्ञानियों का कहना है कि परिस्थितियां अनुकूल होने जा रही हैं। 5 दिन बाद मध्यप्रदेश में मानसून सक्रिय होगा। 8-9 जुलाई से बारिश का सिलसिला शुरू होने के आसार हैं। किसान अभी 10 जुलाई तक बोवनी न करें।



### क्यों शिथिल पड़ा है मानसून

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में कोई प्रभावी वेदर सिस्टम के सक्रिय नहीं होने से मानसून को ऊर्जा नहीं मिल पा रही है। मानसून टर्फ भी हिमालय की तराई की तरफ खिसक गया है। इस वजह से मानसून शिथिल पड़ा हुआ है। 7 जुलाई से मानसून की गतिविधि में कुछ तेजी आने की संभावना है। इससे रूक-रूक कर बरसात का दौर शुरू होने की संभावना है। 11-12 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने के संकेत मिले हैं। इसके बाद पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश का दौर भी शुरू हो सकता है।

### जिले में धान की बोनी का लक्ष्य (हेक्टेयर क्षेत्रफल में )

| फसल | लक्ष्य |
|---|---|
| धान | 190 |
| मक्का | 2.8 |
| ज्वार | 0.1 |
| कोदो | 0.6 |
| उड़द | 6.0 |
| मूंग | 1.5 |
| अरहर | 3.8 |
| तिल | 12.5 |
| सोयाबीन | 0.2 |
| **योग** | **217.2** |

### पिछले साल से 38 मिलीमीटर कम वर्षा

जिले में विगत 1 जून से 3 जुलाई तक 162.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि में 201.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस तरह पिछले साल से लेकर अभी तक 38 मिलीमीटर कम बरसात हुई है। जानकारी के अनुसार कटनी तहसील में 86.4 मिलीमीटर, रीठी तहसील में 109.2 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 174.0 मिलीमीटर, बरही तहसील में 338.0 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ तहसील में 225.0 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में 161.1 मिलीमीटर, स्लीमनाबाद तहसील में 95.0 मिलीमीटर और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा तहसील में 113.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। वर्षा ऋतु में जिले की सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है।

### उर्वरक की कमी से बढ़ी चिंता

किसानों को खेती के लिए सबसे ज्यादा परेशानी उर्वरक को लेकर होती है, हालांकि कृषि विभाग व प्रशासन द्वारा अभी पर्याप्त भंडारण बताया जा रहा है। जिले में काम्पलेक्स 300 मेट्रिक टन की जरुरत है, वहीं पोटाश 500 मेट्रिक टन, एसएसपी 7 हजार मेट्रिक टन की आवश्यकता है। यूरिया 28 हजार मेट्रिक टन, डएसपी 19 हजार मेट्रिक टन चाहिए है, जिसमें से 11 हजार 396 मेट्रिक टन यूरिया, 4 हजार 416 मेट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है।

### इनका कहना है

जिले में इस साल खरीफ का रकबा लगभग 4 हजार हेक्टेयर बढ़ा है। बोवनी का लक्ष्य निर्धारित हो चुका है। किसान बोवनी भी शुरू कर चुके हैं हालांकि मानूसन अभी पूरी तरह से सक्रिय नहीं हुआ है। कुछ स्थानों पर बारिश जरूर हुई है लेकिन ये खेती के लिए पर्याप्त नहीं है, इसलिए किसानों को मौसम को देखते हुए खेती की सलाह दी जा रही है। जिले में धान की नर्सरियां तैयार हो रही हैं। मुख्य रूप से धान की ज्यादा खेती होगी। उर्वरक व बीज उपलब्ध हैं।

**-ए के राठौर, उप संचालक कृषि**



# खितौली से पकड़े गए 5 टाइल्स चोर

### खितौली पुलिस को मिली सफलता, टाइल्स व ऑटो बरामद

बरही। खितौली के मंगल भवन में रखी 75 पेटी टाइल्स अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दी गई थी, जिसकी रिपोर्ट गत 21 जून को दर्ज करते हुए खितौली/बरही पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी हुई थी। चोरों की इस वारदात को अंजाम देने वाले 1 नाबालिग सहित 5 चोरों को पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस संबंध में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के हवाले से मिली जानकारी मुताबिक गत 21 जून को टाइल्स कीमती 75000 चोरी होने की शिकायत मिलते ही पुलिस कप्तान मयंक अवस्थी के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के निर्देशन एवं टीआई संदीप अयाची के नेतृत्व में चौकी प्रभारी बीजी चतुर्वेदी, आरक्षक आशीष पटेल, अंकित बड़गैया द्वारा 5 शातिर चोरों को पकड़ते हुए उनके कब्जे से चोरी का मशरुका टाइल्स बरामद करने के साथ ही चोरी के लिए उपयोग किए गए एक ऑटो को भी जब्त किया गया है।

### अंकित मिश्रा ने संभाली बड़वारा थाना की कमान

#### रोहित डोंगरे के निरीक्षक बनने के बाद खाली हुई थी कुर्सी



कटनी। जिले में पदस्थ चार उपनिरीक्षकों के निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने के बाद खाली हुई बड़वारा थाना प्रभारी की कुर्सी पर उपनिरीक्षक अंकित मिश्रा को पदस्थ कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के आदेश पर श्रीमिश्रा ने बड़वारा पहुंच कर थाना प्रभारी की कुर्सी भी संभाल ली है। गौरतलब है कि पुलिस मुख्यालय के आदेश से शुक्रवार को जिले के चार उपनिरीक्षक को निरीक्षक के पद में पदोन्नत किया गया था। जिसमें महिला थाने में पदस्थ मंजू शर्मा, कैमोर थाने में पदस्थ अनीता कुड़ापे, विजयराघवगढ़ थाने में पदस्थ राम लाल चौधरी सहित बड़वारा थाना प्रभारी रोहित डोंगरे भी शामिल थे। निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने के बाद उपनिरीक्षक रैंक की बड़वारा थाना प्रभारी की कुर्सी खाली हो गई थी। जिस पर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने उपनिरीक्षक अंकित मिश्रा को पदस्थ किया है।

# पेट्रोल भरवाने की बात पर फोटोग्राफर व पुत्र से मारपीट



**मिशन चौक पेट्रोल पंप पर कल रात हुई वारदात, पुलिस ने दर्ज किया मामला, आरोपी फरार, तलाश जारी**

**कटनी।** मिशन चौक पेट्रोल पंप पर कल शनिवार की रात करीब साढ़े 9 बजे पेट्रोल भरवाने की मामूली सी बात को लेकर तीन युवकों ने फोटोग्राफर और उसके युवा पुत्र के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद लोगों ने बीच बचाव करते हुए मामला शांत कराया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। इस घटना के संबंध में बताया जाता है कि सरस्वती स्कूल के पास रहने वाले 54 वर्षीय नरसिंह रोचलानी की पोस्ट ऑफिस गली में फोटोग्राफी की दुकान है। रोजाना की तरह कल रात करीब 9 बजे दुकान बंद करने के बाद नरसिंह रोचलानी अपने युवा पुत्र अनमोल के साथ घर के लिए निकले और मिशन चौक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के लिए पहुंचे, इसी दौरान पेट्रोल भरवाने की मामूली सी बात को लेकर फैजल खान, शनि रजक और सौरभ निषाद ने उनका विवाद हो गया। विवाद के चलते तीनों युवकों ने नरसिंह रोचलानी और अनमोल रोचलानी के साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। बाद में घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई। पुलिस ने फैजल खान, शनि रजक और सौरभ निषाद के विरूद्ध धारा 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। नरसिंह रोचलानी ने बताया कि आरोपियों द्वारा की गई मारपीट में उन्हें और उनके पुत्र को सांघेतिक चोटें आई हैं। इसके बावजूद पुलिस ने साधारण मारपीट का मामला दर्ज किया है।

### ट्रैक्टर के रोटरवेटर में फंसकर बालक की मौत

**कटनी।** स्लीमनाबाद के ग्राम अमोच में ट्रैक्टर के रोटरवेटर में फंसकर एक 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम अमोच निवासी ट्रैक्टर मालिक राजभान काछी ट्रैक्टर में रोटरवेटर लगाकर अपने ही परिवार के 10 वर्षीय बच्चे अंकित पिता काशीराम काछी को ट्रैक्टर पर बिठाकर खेत जा रहा था। तभी धनगवां गांव के समीप ट्रैक्टर में बैठा बच्चा अंकित काछी अचानक नीचे गिरा और रोटरवेटर में फंसकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# पूर्व सीएमएचओ के साथ 6 लाख रूपए की ठगी

### सीमेंट का आर्डर करते हुए धोखाधड़ी का शिकार


**कटनी।** पूर्व सीएमएचओ डॉ. अशोक चौदहा के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच में लिया है। रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि डन कॉलोनी में उक्त चिकित्सक अस्पताल का निर्माण करा रहे हैं। ठेकेदार को सीमेंट की जरूरत थी और ठेकेदार ने सीमेंट का ऑर्डर करने एडवांस के तौर पर 6 लाख रुपये खाते में डाले थे लेकिन सीमेंट कारोबारी फर्जी निकला। पीड़ित सोमेश्वर गोड़खे निवासी कमनली बैंगलोर ने शिकायत के दौरान पुलिस को बताया कि वह डन कॉलोनी में चिकित्सक का नवीन अस्पताल निर्मित कर रहा है। उसे 5 हजार बोरी सीमेंट की आवश्यकता थी। उसने गूगल में सर्च कर एसीसी कंपनी के पदाधिकारी के नाम और नंबर को निकाल कर उसमें संपर्क किया। संपर्क के दौरान एसीसी कंपनी के उक्त अधिकारी ने आधा पेमेंट एडवांस करने की बात कही। ठेकेदार ने 6 जून से लेकर 12 जून के बीच में खाता क्रमांक 6989317307 जोकि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का था। उक्त खाते में ठेकेदार के कहने पर डॉ. अशोक चौदहा ने 6 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। पैसा डालने के बाद कथित एसीसी का अधिकारी फर्जी निकला। जिसने बाद में फोन भी बंद कर दिया। चिकित्सक एवं ठेकेदार को जब समझ आया कि गूगल में सर्च की गई जानकारी फर्जी थी तो उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए खाते की जांच पड़ताल शुरू की है। थाना प्रभारी रंगनाथ नगर ने यूनियन बैंक पहुंचकर खातों की जानकारी एकत्र करना शुरू कर दिया है।

# खेत में बने मकान में चैन से सो रहा था कस्टडी से भागा आरोपी

**आधी रात पहुंचे टीआई, आरोपी को देख किया सलूट, हथियार बनाने की फैक्ट्री से बरामद किया समान**

**बरही।** आर्म्स एक्ट के आरोप में गत 1 जुलाई को पकड़े गए आरोपी बुद्धसेन विश्वकर्मा पुलिस कस्टडी से लापरवाह सिपाहियों की घोर लापरवाही से भाग निकला था, जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कम मच गया। एक-दूसरे पर तोहमत लगाए जाने लगे। एसपी मयंक अवस्थी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लापरवाह दो सिपाही रूपेश यादव एवं कमोद कोल को 2 जुलाई को निलंबित कर दिया था। दोनों सिपाही मोबाइल चलाने में मस्त थे, तभी शौच क्रिया का बहाना कर आरोपी भाग निकला। भागे आरोपी को पकड़ने के लिए टीआई संदीप अयाची अपने हमराह हवलदार महेश सिंह, प्रधान आरक्षक अजय पाठक, आरक्षक अजीत सिंह सौरभ पटेल, रोहित के साथ मुखबिरों द्वारा मिले लोकेशन पर दबिश देने में जुट गए। रातभर ऑपरेशन पकड़ो जारी रहा। पुलिस ने आरोपी को रीवा जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के सहजना से उस वक्त दबोच लिया, जब आरोपी अपने खेत मे बने मकान में चैन की नींद सो रहा था। इधर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा पल-पल की जानकारी ले रहे थे। भागे आरोपी को 2 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद दबोच लेने पर आरोपी बुद्धसेन की नींद टूटते ही टीआई संदीप अयाची ने उसे सलूट मारते हुए कहा कि वाह! हम परेशान है और तुम चैन से सो रहे हो। आरोपी की हिस्ट्री निकाली गई तो वह दोहरे हत्याकांड का आरोपी भी निकला। पूरे घटनाक्रम के बारे में टीआई संदीप अयाची ने बताया कि पुलिस कस्टडी से भागे आरोपी बद्धसेन विश्वकर्मा को गिरफ्तार करने के बाद उसने कबूल किया कि वह बरही क्षेत्र में 12 बोर के देशी बनाकर बरही क्षेत्र में सप्लाई करता था, जिसके बाद उसके घर मड़खडा से 12 बोर का कट्टा, जिंदा कारतूस, हथियार बनाने की मशीन गैस कटर, मोल्डिंग मशीन, ग्राइंडर सहित बाइक बरामद किया। देशी कट्‌टा की फैक्ट्री चलाने वाले आरोपी बुद्धसेन को पकड़ने में प्रधान आरक्षक अजय पाठक ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। हवलदार महेश सिंह, आरक्षक अजीत सिंह, सौरभ पटेल, रोहित सिंह की सक्रियता एवं हौसले से भागे आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल हुई। एसपी मयंक अवस्थी ने आरोपी को पकड़ने में सक्रियता निभाने वाले अमले को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।






पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईंनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
साईंनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)